भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 780 का उत्तर

व्हाइट फील्ड-हिंदूपुर रेल लाइन

780. श्री एस. मुनिस्वामी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में व्हाइट फील्ड-हिंदूपुर रेल लाइन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त रेल लाइन के लिए कोई निधि आबंटित/जारी की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): व्हाइटफील्ड-हिंदुपुर रेल मार्ग पर व्हाइटफील्ड-कृष्णाराजापुरम एवं चानासांद्रा यलहंका खंड दोहरी बड़ी आमान लाइन है। इसके अतिरिक्त, हिंदुपुरम दोहरीकरण और बैंगलोर छावनी-कृष्णाराजापुरम-व्हाइटफील्ड तीसरी एवं चौथी लाइन के रास्ते यलहंका-पेनुकोंडा का कार्य शुरू हो गया है।

(ख) और (ग): यलहंका-पेनुकोंडा दोहरीकरण परियोजना (121 किमी) को 2015-16 में स्वीकृत किया गया था। परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 958.37 करोड़ रु. है और 2019-20 के दौरान इस परियोजना को 132 करोड़ रु. का बजट परिव्यय उपलब्ध कराया गया है।

बैंगलोर छावनी- कृष्णाराजापुरम-व्हाइटफील्ड तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना (37.89 किमी) को मार्च, 2018 में स्वीकृत किया गया था। परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 493 करोड़ रु. है और 2019-20 के दौरान इस परियोजना को 51 करोड़ रु. का बजट परिव्यय उपलब्ध कराया गया है।

****

mm